डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 01 अप्रैल, शनिवार, 2023



## 'नफरत' वालों को सबसे अधिक डर 'मोहब्बत' वालों से लगता है

# कितना मुश्किल है राहुल गांधी होना....

पटना। कांग्रेस दर्पण

इसीलिए आज राहुल गांधी जी की निर्भिकता का जवाब तानाशाह अपनी क्रूरता से दे रहा है।

तानाशाह को यह याद रखना चाहिए कि नफरत हमेशा हारती है और मोहब्बत विजय का उद्घोष करती है।

अपनी मस्ती में मस्त रहने वाला ... जिसने सपनों में भी नहीं सोचा था कि उसकी दुनिया को नफरत की बुरी नजर लग जाएगी...

जिस दादी के प्राणों का प्यारा था, उस दादी को 32 गोलियों से चिथड़े होते हुए देखा.....

क्या बीती होगी उस बालमन पर....

7 साल बाद ही पिता को क्षत–विक्षत, लहू से लथपथ देखा, खूब रोया... लंबे समय तक उदास रहा

मन बाहर की दुनिया देखने को कचोटता था, मगर सुरक्षा कारणों से बाहर जाने पर भी मनाही थी..

दिल में अपनों को गवां देने का दर्द, मन में घुटन का बोझ थामें जब यह किशोर जवान हुआ तो सभी के लिए संवेदनशील, निश्छल और पिता की तरह बेहद दूरदर्शी निकला।

नफरत ने जिसका घर और बचपन तबाह कर दिया था, उसके मन में किसी के लिए भी नफरत नहीं..

वह देश की बूढ़ी माताओं, उम्मीद की नजर से निहारती बहनों और देश का पेट भरने वाले बेहाल अन्नदाताओं का आंसू पोंछना चाहता है....

वो नौजवानों के हर जख्मों का मरहम बन जाना चाहता है... हौसला इतना कि लोगों के हिस्से की लड़ाई अकेले लड़ना चाहता है

कई वर्षों और हजारों करोड़ रुपए खर्च करके उसे पप्पू बनाने की कोशिश की गई..... मगर उसकी शख्सियत और नीयत के सामने सत्ता के सारे षडयंत्र धराशायी हो गए..


तानाशाही सत्ता ने जिसे आलसी राजकुमार के रूप में जनता को बताया था, उसने अपने हौसलों से देश की सड़कें नाप दी..

क्या बुजुर्ग... क्या महिला... क्या बच्चे ... हर पीढ़ी के लोगों ने उसे सर आंखों पर बैठा लिया,

नौजवानों ने कदम से कदम मिलाया, माताओं ने दुआएं दी..... दुआओं का असर भी शुरू हुआ

मोहब्बत की गर्मी से नफरत की जमी बर्फ भी पिघलनी शुरू हुई, देशवासियों को राहुल गांधी के रूप में एक निश्छल उम्मीद मिल गई..

बच्चों की तरह साफ मुस्कुराते हुए उस चेहरे से तानाशाह को डर लगने लगा, पहले सदन में बोलने नहीं दिया, फिर सदन से बेदखल कर दिया... तानाशाह का मन इतने से भी नहीं भरा तो उस मोहब्बत के परिंदे का घोंसला ही छीनने चल पड़ा.. मगर यह सब करके भी उसके मोहब्बत से लबरेज हौसलों को डिगा न सका..




राहुल गांधी के दिल में देशवासियों के लिए अथाह प्यार है... मोहब्बत है देश की मिट्टी के लिए..

तानाशाह से राहुल गांधी की कोई निजी लड़ाई नहीं है, कोई आपसी दुश्मनी नहीं है....

आज जब राहुल निर्भीकता से देश के लिए लड़ रहे हैं, मोहब्बत के लिए लड़ रहे हैं... तो देशवासियों का फर्ज बनता है कि मोहब्बत के बदले मोहब्बत लौटाएं... राहुल की आवाज में अपनी आवाज मिलाएं

माना कि सड़क पर सब नहीं उतर सकते, मगर अपने प्यार और आशीर्वाद का तेल तो इस चिराग में भर ही सकते हैं....

क्योंकि चिराग जलेगा तभी अंधेरा टलेगा..



## राहुल गांधी की तपस्या

देश बचाने के लिए अब संसद में नहीं, सड़कों पर संग्राम की आवश्यकता हैं। जो देश में नफ़रत फैला कर अपनी नाकामी को छिपाने में लगा हैं। उसे उसके कर्मों का सजा जनता जरूर देंगी। उनकी फितरत हैं, डराने की। मेरी आदत हैं, मुस्कुराने की.....राहुल गांधी

मेरी तपस्या निरंतर जारी हैं, मुझे पूर्ण विश्वास हैं, ये तानाशाही सरकार को जनता जरूर जबाब देंगी। मैं तो जनता के आदालत में आया हूँ। जनता ही मेरा भगवान और यकीन मानिए जनता की अदालत की सजा अच्छे–अच्छे को अर्श से फर्श तक ला देती हैं। मेरा जो काम हैं, मैं तो वो करूँगा, चाहे हुकुमरान जो चाहे कर लों। मैं अब निकल चुका हूँ, अपने पथ पर। मुझे किसी से डर नहीं, सच को सच कहने में कैसा डर। मैं सावरकर नहीं, गाँधी हूँ, और गाँधी किसी से माँफी नहीं माँगता।....राहुल गांधी

-लालजी देसाई जी

# जन्मदिन विशेष : जब आजादी के सालों बाद भारत को मिली थी उसकी पहली महिला लोकसभा स्पीकर, श्रीमती मीरा कुमार जी

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**

अगर आपने कभी टीवी पर लोकसभा संसद की कार्यवाही देखी है। तो आप कुर्सी पर बैठा एक स्पीकर भी देखा होगा। भारत में जब संसद बनी, उसकी कार्यवाही को मैनेज करने के लिए संसद का स्पीकर नियुक्त किए गए। लंबे समय तक इस पद पर कोई भी महिला नहीं थी, आखिर साल 2009 में देश को उसकी पहली महिला लोकसभा स्पीकर मिली। जिनका नाम था मीरा कुमार।

बता दें कि मीरा कुमार कांग्रेस की दिग्गज पॉलीशियन्स में से एक हैं। उनके पिता स्वर्गीय जगजीवन राम भी हमेशा से राजनीति में थे, ऐसे में आप यह कह सकते हैं कि मीरा कुमार जी ने विदेश सेवा की नौकरी छोड़कर राजनीति में आने का फैसला लिया।

31 मार्च, 1945 को बिहार के सासाराम में बाबू जगजीवन राम जी और इंद्राणी देवी जी के घर नन्ही बच्ची का जन्म हुआ। उनकी शुरुआती शिक्षा बिहार के महारानी गायत्री देवी स्कूल में हुई। वहीं एम ए और एल एल बी की शिक्षा मीरा जी ने इन्द्रप्रस्थ और मिरांडा हाउस कॉलेज से पूरी की। मीरा कुमार जी होनहार छात्रों में से एक थीं। शिक्षा पूरी करने के बाद साल 1973 में उन्हें कर की नौकरी मिली। कई सालों तक मीरा जी ने स्पेन, ब्रिटेन और मॉरीशस के उच्चायुक्त के रूप में काम किया। कुछ समय काम करने के बाद उन्होंने यह नौकरी छोड़ दी और राजनीति में कदम रखा।साल 1968 में मीरा बिहार की कैबिनेट मंत्री सुमित्रा देवी के बड़े बेटे मंजुल कुमार के साथ शादी के बंधन में बंधी। जिनसे उन्हें 1 बेटा और 2 बेटियां हुई।



मीरा कुमार जी ने अपना राजनीतिक सफर उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ। साल 1985 में मीरा को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से पहली बार चुनावी टिकट मिला। जहां उन्होंने मायावती और रामविलास पासवान को हराकर राजनीतिक करियर अपनी दमदार शुरुआत की। हालांकि कि अगले चुनाव में वो बिजनौर से हारी भी। 11 वें और 12वें लोकसभा चुनाव में मीरा दिल्ली के करोल बाग से संसदीय चुनाव में खड़ी हुईं। इसी के साथ वो संसद तक पहुंच गईं।समय के साथ मीरा कुमार जी राजनीति में और भी उभर कर सामने आईं। जहां साल 1990 में उन्हें कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाया गया। इसके बाद 1996 वो दोबारा सांसद बनीं।साल 2004 में मीरा जी ने बिहार के सासाराम से चुनाव जीत कर केंद्र मंत्री का पद भी संभाला। जहां कांग्रेस कार्यकाल में उन्हें सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय सौंपा गया। इसके बाद 2 बार चुनाव जीतकर उन्होंने केंद्र संसाधन मंत्रालय का कार्य संभाला।

बनीं देश की पहली महिला स्पीकर

इससे पहले भारत में किसी महिला संसद में लोकसभा स्पीकर के पद नहीं संभाला था। 187 लोकतांत्रिक देशों में से केवल 32 देशों में ही महिलाओं ने अब तक स्पीकर का पद संभाला है। ऐसे यह गर्व की बात है कि मीरा कुमार जी देश की पहली महिला स्पीकर बनकर सामने आईं थी।

मीरा कुमार जी हमेशा यूपीए की पसंद रही।

मीरा कुमार जी के बारे में एक वाकया बड़ा मशहूर है. साल 2012 में पाकिस्तान के दौरे पर गईं लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने अपने भाषण में धाराप्रवाह उर्दू बोलकर पाकिस्तानी सांसदों और पत्रकारों को आश्चर्यचकित कर दिया था.

मीरा कुमार जी ने शुद्ध उर्दू में दिए अपने भाषण में फिराक गोरखपुरी, मजरूह सुल्तानपुरी और फैज़ अहमद फैज़ की कविताएँ भी पढ़ीं थी.

सासाराम से आठ बार जगजीवन राम जी सांसद चुने गए और दो बार उनकी बेटी मीरा कुमार जी . सासाराम कुर्बान रहा मीरा जी पर और बाबू जगजीवन राम जी पर ।

# हो चुका है "जय भारत सत्याग्रह" कार्यक्रम का शुभारंभ

**पटना महानगर जिला कांग्रेस कमिटी**
**नेशनल हॉल, कांग्रेस मैदान, कदमकुआ पटना**

''जय भारत सत्याग्रह'' कार्यक्रम को लेकर आज पटना महानगर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पटना जिला के प्रभारी सुबोध कुमार ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि 29 मार्च, 2023 से ''जय भारत सत्याग्रह'' कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है। इस कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 31 मार्च, 2023 को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता किया जा है।

उन्होंने आगे बताया कि कल दिनांक 1 अप्रील, 2023 को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्त्ता किया जायेगा, इस प्रेस वार्ता में प्रखंड प्रभारी शामिल होंगे।

दिनांक 29 मार्च,2023 से 8 अप्रील,2023 के बीच में प्रखंड स्तर पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जायेगा। नुक्कड़ सभा ''जय भारत सत्याग्रह'' बैनर के तले किया जायेगा।

15 अप्रील, 2023 से 20 अप्रील, 2023 के बीच में ''जय भारत सत्याग्रह'' के अंतर्गत जिला स्तर पर सभा आयोजित कर हजारों की संख्या में कांग्रेसजन जिला समाहरणालय का घेराव करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरीय नेता शामिल होंगे।




प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पटना महानगर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन ने कहा कि 7 फरवरी 2023 श्री राहुल गांधी जी ने संसद में अडानी महाघोटाले पर 2 सवाल पुछे कि इस घोटाले से ध्यान भटकाने और भिस्ल ब्लोअर को डराने के लिए, मोदी सरकार की क्रोनोलोजी और साइकोलॉजी क्या है? उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह से बिहार के दो दिवसीय दौरे पर दो सवाल पूछे 1. अडानी की शेल कंपनियों में 20.000 हजार करोड़ या तीन बिलियन डॉलर काला धन किसका है ? इसमें शामिल चीनी नागरिक कौन है ? यह पहला सवाल है। 2. पीएम मोदी का अडानी से क्या रिश्ता है ? राहुल गांधी जी ने अडानी के विमान में पीएम मोदी के आराम करते तस्वीर को भी दिखाया दूसरा झूठा हव्वा कि राहुल गांधी जी ने ओबीसी के लिए अपमानजनक शब्द कहे , यह बीजेपी द्वारा अडानी घोटाले से ध्यान भटकाने का हथकंडा है जो मोदी सरकार की हताशा बतलाता है जो व्यक्ति भारत जोडो यात्रा में 4000 किलोमीटर चलकर एकता स्थापित करने निकला हो जिस कांग्रेस के दो ओबीसी मुख्यमंत्री हों, उस पर ऐसा कहना बस कुछ और नहीं बल्कि घटिया राजनैतिक हथकंडा है। देश लूटकर भागने वाले आर्थिक भगोड़े भी विपक्ष को धमकी दे रहे हैं। लुटेरा ललित मोदी कह रहा है कि वह राहुल गांधी पर मुकदमा करेगा। किसके दम पर? इनके पीछे कौन है? इन्हें इतनी हिम्मत कहां से मिल रही है?

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पटना जिला के प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि अडानी महाघोटाले पर संसद में बिगुल फूँकने के 9 दिनों के बाद ही राहुल गांधी जी के ख़िलाफ़ मानहानि के मुकदमे की फिर से शुरुआत होती है। राज्य सभा में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे के भाषण के महत्वपूर्ण भाग एवं राहुल गांधी जी के संसद में दिए भाषण को रिकॉर्ड से हटा दिया जाता है। संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सत्ताधारी दल संसद नहीं चलने दे रही, बीजेपी को डर हैकि विपक्ष द्वारा किए जा रहे जेपीसी की मांग मानने से, कहीं मोदी अडानी मिलीभगत से हुए महाघोटाले का पूरा पोल न खुल जाए। मोदी सरकार के मंत्रियों द्वारा राहुल गांधी जी पर हमले किये गए , इस पर राहुल गांधी जी ने अध्यक्ष को दो बार पत्र लिखकर और मिलकर संसद में बोलने की अनुमति मांगा उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया , इससे साफ है पीएम मोदी नहीं चाहते कि अडानी से उनके रिश्तों का पर्दाफाश हो अब बीजेपी द्वारा अडानी महाघोटाले से ध्यान भटकाने के लिए हास्यास्पद कवायदें शुरू होती है। राहुल गांधी जी के लंदन वाले बयान को तोड़ मरोड़कर अनर्थ निकालने की जद्दोजहद में मोदी सरकार लगी है जबकि उनके वक्तव्यों को ध्यान से देखें तो उन्होंने कहा कि "ये भारत का अंदरूनी मामला है हम इसका स्वयं हल निकालने में सक्षम हैं।"

इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद लाल बाबु लाल, निर्मल वर्मा, राजीव मेहता उपस्थित थे

(शशि रंजन) अध्यक्ष

# एनएसयूआई खगरिया ने केंद्र सरकार की तानाशाही गौर गलत नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका

पटना | कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 31/3/22 को शाम 4 बजे कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई खगरिया ने केंद्र सरकार की तानाशाही गौर गलत नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने चौथम प्रखंड के करूआमोड़ चौक पर ₹ मोदीजी संसद में रुकोगे, तो हम सड़कों पर उतरेंगे ₹ नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया ! इस कार्यक्रम में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष नितिन पटेल एवं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव नवीन कुमार ने कहा देश का लोकतंत्र आज बहुत नाजुक दौर से गुजर रहा है आज केंद्र सरकार के तानाशाही नीतियों के कारण गैर संवैधानिक फैसले हो रहे हैं पूरे देश के संपत्ति को नरेंद्र मोदी जी के द्वारा उनके मित्र गौतम अडानी को सौंपा जा रहा है देश के लोगों का एलआईसी में लगा पैसा, एसबीआई का पैसा और कर्मचारी भविष्य निधि का पैसा सौंपा जा रहा एवं गौतम अडानी के कंपनी में 22 हज़ार करोड़ का काला धन का स्त्रोत नहीं बताया जा रहा है जब इन



सब मुद्दों और गौतम अडानी और नरेंद्र मोदी के रिश्तो को लेकर राहुल गांधी जी ने संसद में आवाज उठाया तो उन्हे गलत मुकदमों में सजाकर आकर उनकी सदस्यता समाप्त करा दी गई अब उनसे आनन–फानन में उन्हें बेघर किया जा रहा है हम लोग अब सड़कों पर उतर कर केंद्र के तानाशाही नीतियों और तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नितिन पटेल ने कहा आज नरेंद्र मोदी गौतम अदानी को बचाने के लिए तमाम तरह के कुकर्म रच रहे हैं गौतम अडानी के घोटाले पर नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं और हमारे नेता को बेवजह परेशान किया जा रहा है हम लोग लगातार चरणबद्ध आंदोलन करेंगे इस कार्यक्रम रितिक सिंह, सागर सिंह, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, अविनाश सिंह, जितेंद्र कुमार, आर्यन कुमार, प्रफुल्ल कुमार सिंह, सिंकू भगत, छोटू पटेल, सेंटू पटेल, दिलखुश कुमार, मोहम्मद शोएब, प्रभात कुमार, मुकेश पटेल, अमित पटेल, विक्रम भगत सहित दर्जनों कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया !

**दिनांक 30 मार्च 2023 रोजी तालुका काँग्रेस कमिटी नागभीडच्या वतीने नागभीड शहरात रामनवमी निमित्त काढण्यांत आलेल्या शोभा यात्रेत महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस कमिटी महासचिव डॉ. नामदेव किरसान, माझी जि प अध्यक्ष तथा चिमुर विधानसभा काँग्रेस समन्वयक सतीश भाऊवारजूकर, नागभीड तालुका काँग्रेस अध्यक्ष प्रमोभाऊचौधरी, चिमूर तालुका काँग्रेस अध्यक्ष विजयभाऊगावंडे, माजी नगरसेवक प्रतीक भसीन, रोशनभाऊढोक, डॉ. मोहन जगनाडे, विजय अमृतकर, संजय अमृतकर, माजी उपसभापती दिनेश गावंडे, प्रा. अमीर धम्मानी, किशोर समर्थ, रमेश ठाकरे, महेश कुर्जेकर, विविध पदाधिकारी व कार्यकर्ते.**





आज जिला पार्षद प्रतिनिधि कैसर राही साहब किशनगंज आने के क्रम में सड़क दुर्घटना के कारण चोटिल हो गए थे। सूचना मिलते ही डॉ मधुकर प्रसाद जी के अस्पताल में भर्ती देखने पहुँचे। मौजूद रहे। Jilaparshad je Nasik Nadeer शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की दरख्वास्त। शंभू यादव जिला उपाध्यक्ष यूवा कॉग्रेस किशगंज



भाजपा के गलत नीतियों एवं तानाशाही के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस किया वैशाली जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती पूनम पासवान जी सर्किट हाउस हाजीपुर में।

# अपने परम मित्र को बचाने के लिए पीएम मोदी लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं

पटना । कांग्रेस दर्पण

आज 31 मार्च 2023 को जिला कांग्रेस कार्यालय खगड़िया में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को लेकर खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में उपस्थित विधायक सह खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी, प्रभारी, प्रतिमा कुमारी ने कहा कि सत्याग्रह कार्यक्रम मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों एवं तानाशाही रवैया को लेकर किया जाना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ बदले की भावना से कार्यवाई की गई और उनके संसद की सदस्यता रद्द कराई गई। राहुल गांधी का कसुर बस इतना है कि उन्होंने मोदी जी से अडानी के बारे में पूछा कि अडानी की शेल कंपनियों में बीस हजार करोड़ रुपए या 03 बिलियन डॉलर अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में है। यह पैसा कहां से आया ? राहुल गांधी ने लोकसभा में सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने अडानी के विमान में आराम करते हुए पी एम मोदी जी की तस्वीर दिखाई। अडानी के घोटाले पर संसद में राहुल गांधी के भाषण के ठीक 09 दिन बाद उनके खिलाफ मानहानि का मामला फिर से शुरू हो गया। और उन्हें निशाना बनाया गया। इससे साफ पता चलता है कि पीएम मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनके रिश्ते का पर्दाफाश हो। अपने परम मित्र को बचाने के लिए पीएम मोदी लोकतंत्र का गला घोंट रहे



हैं। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र बचाने के लिए जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक किया जायेगा।इसके लिए खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड प्रभारी प्रतिनियुक्त किया गया जो प्रखंडों में सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। जिला अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ सभी प्रखंडों एवं जिला स्तर पर जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल करने को लेकर तैयारी की जा रही है। तिथिवार इस कार्यक्रम को किया जाएगा। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी आर पार की लड़ाई लड़ेगी।उक्त मौके पर कुमोद कुमार सिंह, बुद्धदेव प्रसाद यादव, कुंदन कुमार सिन्हा,खतिबूर रहमान, बबीता कुमारी, कांग्रेस नेता वीरेंद्र कुमार दास, लीगल सेल प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश रंजन, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार अधिवक्ता, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राज किरण ठाकुर, डॉ रेणु कुमारी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव नवीन यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव ईशरत प्रवीण, लाली किन्नर, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रसेनजीत,एस सी जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार अविनाश, जिला महासचिव मनोज मिश्र, अजय ठाकुर, रामचन्द्र यादव, अर्जुन स्वर्णकार, कैलाश शर्मा, जिला सचिव राजीव उर्फ गुड्डू, जयकांत सिंह निषाद, प्रदेश डेलिगेट उदय यादव, खगड़िया सदर प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, मानसी प्रखंड अध्यक्ष प्रतिभा कुमारी, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र चौरसिया, चौथम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार निकेश,अलौली प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार पंकज, नगर अध्यक्ष रौशन चन्द्रवंशी, कार्यालय मंत्री अवनी कुमार, कांग्रेस नेता पप्पू कुमार पासवान, राजीव कुमार रंजन, सुनील कुमार सिंह, मुरारी सिंह, चंदन कुमार यादव, फुलचंद यादव, वीरप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

## अति आवश्यक सूचना

तहसील स्तर ज्ञापन में की श्रंखला में 01/4/23 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिका अर्जुन खड़के राष्ट्रीय महासचिव माननीय प्रियंका गांधी राष्ट्रीय सचिव प्रभारी बुंदेलखंड माननीय नीलांशु चतुर्वेदी जी प्रदेश अध्यक्ष माननीय बृजलाल खाबरी जी प्रांतीय अध्यक्ष माननीय अनिल यादव जी के आवाहन पर प्रदेश महासचिव माननीय राहुल रिछारिया जी प्रदेश सचिव प्रभारी जालौन जे,पी पाल निर्देशन दिनांक 01/04/23 दिन शनिवार समय 11:30 दिन मैं स्थान तहसील उरई एक ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें माननीय राहुल गांधी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी से जो प्रश्नन संसद मे पूछे गए थे उसका उत्तर उन्होंने संसद में नहीं दिया अब यह सवाल राष्ट्रपति महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन के द्वारा दिया जाएगा

अतः समस्त जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण एआईसीसी /पीसीसी के सदस्य गण पूर्व सांसद/ विधायक /जिला पंचायत सदस्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा /पूर्व जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण /वरिष्ठ कांग्रेस जन/ नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशी गण/ सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष सभी वार्डो के अध्यक्ष से विनम्र अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में उक्त समय और स्थान पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं '

डॉक्टर रेहान सिद्दीकी अध्यक्ष
शहर कांग्रेस कमेटी उरई
दीपांशु समाधिया
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जालौन

# किसानों व व्यापारियों से जुड़े कामों को प्राथमिकताः बेनीवाल




पटना । कांग्रेस दर्पण

### 2.91 करोड़ की शीशी सड़कों का शिलान्यास

### नवनिर्मित दो टीन सैडो का किया लोकार्पण

लूणकरणसर 31 मार्च । नई अनाज मंडी मे राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर की ओर से लूणकरनसर की नई अनाज मंडी में शुक्रवार को 2.91 करोड़ की स्वीकृति सड़कों का पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने शिलान्यास एवं नवनिर्मित 2 टीन सेड का लोकार्पण किया । इस अवसर पर पूर्व मंत्री बेनीवाल ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है तथा इसी को मद्देनजर रखते हुए अलग से कृषि बजट प्रस्तुत किया है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता दे रही है इस मौके पर उपखंड अधिकारी संजीव कुमार वृताधिकारी नोपाराम भाखर विकास अधिकारी शीला देवी ने भी संबोधित किया । इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजाराम जाखड़ लूणकरणसर उपसरपंच गणेशाराम मेघवाल पूर्व उपप्रधान अजय गौड़ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पतराम गोदारा कार्यवाहक मंडी सचिव कमल कुमार सोनी केवीएसएस चेयरमैन लाधूराम थालोड बालादेसर सरपंच प्रतिनिधि पुरखाराम मूण्ड पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल बोथरा मनीराम लेघा गोविंदराम गोदारा उद्योग संघ अध्यक्ष हनुमानमल भूरा गोटा एसोसिएशन अध्यक्ष हरि लेघा पूर्व जिला परिषद सदस्य भागीरथ बिजारणिया व्यापारी हंसराज बरडिया बाबूलाल दुगड़ जुगल तातेड़ मनोज राखेचा राजाराम बेनीवाल सुरेंद्र कुमार गंग राजकुमार दुगड़ बजरंग कोठारी कमलेश बंसल संपत बोथरा रेवन्तराम कूकणा देवकिशन राठी मंगलचंद दुगड़ संतोकचन्द भूरा पंकज खेतान पूर्व जीएसएस अध्यक्ष भंवरलाल माली अन्नाराम नैण पूर्व सरपंच कालूराम ज्याणी मनोहर जोशी महिला ब्लॉक अध्यक्ष विजयलक्ष्मी शर्मा शांति रामावत रजनी देवी सहित व्यापारी गण मौजूद रहे ।

# सहारा इंडिया के चार करोड़ जमाकर्त्ता दुबारे भाजपा के झांसे में

पटना।कांग्रेस दर्पण

30 सितंबर 2009 को सहारा ग्रुप की एक कंपनी सहारा प्राइम सिटी ने अपने आईपीओ के लिए सेबी में आवेदन दाखिल किया। सेबी ने जब इस डीआरएचपी को खंगाला तो इसमें कई गड़बड़ियां मिली,लंबे समय से सहारा सेबी– विवाद के कारण लाखों निवेशकों का पैसा फंसा हुआ था। कोर्ट ने 24 करोड़ रुपए के फंड में से 5000 करोड़ रुपये तुरंत एलॉट करने की मंजूरी विगत कुछ दिन पहले दी जब इस फैसले से सहारा के निवेशकों का पैसा पैसा मिलने की उम्मीद जगी।

सहारा–सेवी विवाद के न्याय की आस में बेरोजगारी की कगार पर खड़े हैं सहारा इंडिया के 1200000 कार्यकर्ता,लाखों इम्प्लॉई 9 साल से जमाकर्त्ता का आक्रोश झेल रहे हैं। 9 साल पहले ठऊअ ने 1200000 गुणा 5 बराबर 60,00000 से अधिक मतदाताओं को रिझाते हुए वादा किया था, सत्ता प्राप्ति के तुरंत बाद सहारा सेबी–विवाद खत्म होगा। और निदेशकों के फंसे पैसे वापस मिलेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में पुलवामा हमला,धारा 370, राम



मंदिर प्रकरण से अत्यधिक चुनावी लाभ को देख सहारा विवाद पर तनिक ध्यान नहीं दे पाया भाजपा। 1978 में (44 साल पहले) सहारा इंडिया परिवार की शुरुआत सहारा श्री मात्र 2000 की लागत से किए थे, तब से 2009 तक करीबन 1200000 कार्यकर्ता सहारा इंडिया निवेश के माध्यम से उससे प्राप्त मेहनताना से खुशहाल परिवार चलाने में सहज महसूस कर रहे थे। सहारा –सेबी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने साल 2016 में सहारा इंडिया के 24,400 जो निवेशकों के थे, उसे सीज कर लिया। 23 मार्च 2023 को दिल्ली सहित समूचे देश के जमाकर्त्ता अपने–अपने निवेशकों संग भुगतान पाने के लिए रोड जाम किया, केंद्र सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन किया,₹'सहारा के पैसे का भुगतान करो नहीं तो गद्दी छोड़ दो। जब तक भुगतान नहीं मिलेगा! तब तक मतदान नहीं होगा!! भुगतान मिले ना मिले केंद्र की बहरी सरकार के गृह मंत्री का नींद्रा जरूर भंगी हुआ। मंत्री जी बोल पड़े– सहारा कोऑपरेटिव सोसायटी के जमा कर्त्ता सेंट्रल कोऑपरेटिव रजिस्टर्ड सोसायटी को अपनी डिमांड भेजें,सत्यापन होने के बाद आपका रुपया 4 महीने में लौट आने की व्यवस्था की जाएगी। यूं तो पवित्र तीर्थ स्थली हरिद्वार में यह पवित्र बयान दिया गया देखिए आगे क्या– क्या होता है? दूसरे रूप में यों कहें सहारा इंडिया के चार करोड़ जमाकर्त्ता दुबारे भाजपा के झांसे में आने को तैयार..

**...........रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव,बेगूसराय काँग्रेस कमिटी**

## प्रिय साथियों!

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र को मिटाने के लिए सारी सीमाएं पार कर दी है। इसका ताजा उदाहरण है की किस प्रकार से तानाशाही रूप से राहुल गांधी जी को निशाना बनाके उनकी संसद सदस्यता रद्द की गई!

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावारूजी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बीवी जी एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश सिन्हा सनी जी के निर्देशानुसार आज अथवा कल प्रत्येक जिले के मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालने का निर्देश दिया गया है! आप सभी साथियों से अनुरोध है कि अपने अपने जिले में कार्यक्रम का आयोजन करें एवं फोटो, वीडियो तथा न्यूज़ अग्रेषित करें!

सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में कार्यक्रम सुनिश्चित करें!

साभार
शिव प्रकाश गरीबदास अध्यक्ष
बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस

# राहुल गांधी की आवाज को दबाना चाहती है मोदी सरकार : भावना झा

## अडानी समूह के महाघोटाले की हो जेपीसी जांच

पटना।कांग्रेस दर्पण

मोदी सरकार की तानाशाह रवैए के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आक्रमक मूड में है। शुक्रवार को सीतामढ़ी जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक भावना झा ने केंद्र की केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अदालती आदेश की आड़ में मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करना लोकतंत्र की हत्या है।

ललित आश्रम गांधी मैदान में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भावना झा ने कहा कि अडानी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या, नीरव मोदी देश की संपत्ति को लूट रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार इन घोटालेबाजों पर कार्रवाई करने की बजाए उन्हें बचाने पर तुले हुए हैं। चूंकि राहुल गांधी लगातार सत्ता के संरक्षण में जारी महालूट की बात उठा रहे थे, जो भाजपा और आरएसएस को खटक रहा था। आनन–फानन में राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किया गया और उनका आवास तक छीन लिया गया। यहां तक कि पूर्व में गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा खत्म कर




दी गई। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने नरेन्द्र मोदी और अडानी का सम्बन्ध दुनिया को दिखाया तो बदले की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा की लोकतंत्र खतरे में है। जो लोग सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्हें जेल भेज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी के मामले में भी यही किया गया है। अब आम लोगों के बीच जाकर अपनी बात को रखेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से घबराकर मोदी सरकार कांग्रेस नेताओं को बदनाम और प्रताड़ित करने जुट गई है। भाजपा के दागी नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं विरोधी दल के नेताओं को चुन–चुन कर सताया जा रहा है। लोकतंत्र को बचाने की इस मुहिम में सारा विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लामबंद हो गया है। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, रकटू प्रसाद, प्रमोद नील, सीताराम झा, कमलेश कुमार सिंह, रितेश रमण सिंह, शम्स शाहनवाज, राजीव कुमार काजू, संजय कुमार बिररख, वीरेंद्र कुशवाहा, विपिन झा, अंजारुल हक, डॉ.मोबिनुल हक, संजय शर्मा, मुश्ताक सरवर, अख्तर रजा खान, आलोक राठौर, हैदर अंसारी, मणि भूषण सिंह, राजीव कुशवाहा, ब्रजेश पासवान, दिनेश सिंह, नागेंद्र मिश्रा, देव नारायण यादव, रंजीत साह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## शनिवार को प्रखंडों में प्रेस वार्ता करेगी कांग्रेस

जिला कांग्रेस प्रभारी भावना झा के अनुसार राहुल गांधी के समर्थन एवं मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ शनिवार एक अप्रैल को जिला के सभी प्रखंडों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा प्रेस वार्ता कर जनता के सामने सच्चाई रखेंगे। बथनाहा में पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, सुप्पी में मधुरेंद्र कुमार सिंह, पुपरी में अफाक खान, परिहार में शम्स शाहनवाज, सोनबरसा में रूपम यादव, मेजरगंज में वीरेंद्र राम, डुमरा में रकटू प्रसाद, बेलसंड में कमलेश सिंह, बोखड़ा में रितेश रमण सिंह, बाजपट्टी में राजेश राठौर, चोरौत में सरवत जहां फातमा, सुरसंड में रंधीर चौधरी, परसौनी में राजीव कुमार काजू, नानपुर में रोशन बिट्टू, बोखड़ा में रितेश रमण सिंह, रीगा में संजीव कुमार, रुन्नी सैदपुर में अंजारुल हक, बैरगनिया में संजय बिररख और नगर में ताहिर अनीस मीडिया को संबोधित करेंगे।



# कांग्रेस दर्पण

पटना, शनिवार
01.04.2023



# भ्रष्टाचारियों के बिछाये शूल को रौंदती कांग्रेस

देश की राजनीति एक ऐसे मोड पर आकर खडी हो गयी है जहां से प्रजातंत्र को ललकारा जा रहा है , संविधान को मरोडा जा रहा है और संवैधनिक संस्थाओं को पंगू बनाया जा रहा है और यह सब जब सत्ता के संरक्षण में हो तो विपक्ष में बैठे नेताओं और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी बहुत ज्यादा बढ जाती है । विपक्ष बोलना चाहता है , विपक्ष कुछ करना चाहता है तो सत्ता पक्ष उसकी आवाज को दवाने के लिए वो हर हथकंडा अपनाता है जो एक तानाशाही प्रवृत्ति की सरकार करती है ।विपक्षी नेताओं को पहले डराया जाता है , धमकाया जाता है और जब बात नहीं बनती है तो फिर सलाखों में बंदकर देने की मुकम्मल व्यवस्था कर दी जाती है।

यह बात सर्वव्याप्त है कि देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और बडे बडे भ्रष्टाचारी सरकारी संरक्षण में जी रहे है ,मंत्री हैं ,सांसद हैं , एमपी और एम एल ए हैं और जो इनके विरुद्ध आवाज उठाता है उसकी आवाज बन्द कर दी जाती है ।अभी हल ही मे एक वरिष्ठ पत्रकार को आप सब ने देखा कि किस तरह उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया और जब नहीं दबा तो उनकी प्रसारण कंपनी को ही अपने पालित धन्ना सेठ को द्वारा खरीद ली गयी । ऐसी विकट परिस्थिति में भला कौन बोलेगा ? विपक्ष के जो नेता बोलते हैं उनपर इडी और सीबीआई का रेड आरंभ हो जाता है ।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत प्रजातंत्र की जननी रही है और भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विशाल और बेहतरीन संविधान है और उसकी सबसे बड़ी विशेषता शक्ति संतुलन का सिद्धांत है जो भारतीय प्रजातंत्र को मजबूती प्रदान करता है ।

संविधान के प्रति आर एस एस के लोगो की नाराजगी जग जाहिर है और दवी जुबान भाजपा भी संविधान के विरोध में बोलते रहती है और मोदीजी आर एस एस के ही ऐजेन्डो को अमली जामा पहनाने मे लगे हैं और सबसे पहले उन्होंने भारतीय संविधान के शक्ति संतुलन सिद्धांत को सिद्धांत को कमजोर करने में लग गये । न्यायपालिका और विधायिका को कमजोर कर सारी शक्तियों का केन्द्र कार्यपालिका हो गयी है । संसद में विरोधी दल के नेताओं की माइक काट दी जाती है और बोले गये तथ्यों को कार्यवाही से निकाल दी जाती है यह विधायिका को कमजोर करना नहीं तो और क्या है ?



**अजय कुमार झा**

**कांग्रेस नेता, 164 तारापुर विधानसभा क्षेत्र, ( मुंगेर ) बिहार ।**

भारत की मजबूत न्यायपालिका को विगत दिनों में किस तरह प्रभावित कर कमजोर करने का प्रयास किया गया यह सबने देखा कि माननीय न्यायाधीश अवकाश ग्रहण करते हैं और राज्यसभा सांसद और राज्यपाल हो जाते है और उसी कमजोर न्यायपालिका को हथियार बनाकर कार्यपालिका विधायिका को डराती ही सजा करवाती है । ऐसा देखा जा रहा है कि कार्यपालिका द्वारा पूरी कोशिश की जा रही है कि कार्यपालिका का दबदबा न्यायपालिका और विधायिका पर रहे यही प्रजातंत्र को ललकारने की बात ही हुई ।

प्रजातंत्र का एक मजबूत स्तंभ जिसे चौथा स्तम्भ भी कहा जाता है वह है मिडिया । मिडिया की बात मैने सबसे अन्त में जानबूझकर किया क्योंकि मोदीजी की सरकार ने प्रजातंत्र को कमजोर करने का सबसे पहला निशाना मीडिया को ही बनाया और लगभग सारे मिडिया हाउस के मालिकों को उसके प्रमुख सम्पादकों आदि को पहले तो राज्यसभा सदस्य बनाया गया और फिर उससे जो बचा वह उनके धनपशु मित्रों का ग्रास बन गया ।

दो एक दिन पहलेभारत के प्रसिद्ध और निर्भिक पत्रकार आदरणीय राज कमल झा ने सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश और ढेर सारे मंत्रियों और नेताओं के समक्ष जिस दृढता से अपना दर्द बयां किया उससे स्पष्ट होता है कि मीडिया कमजोर हो नहीं कर दी गयी है ।हद तो तब हो गयी जब माननीय मुख्य न्यायाधीश ने भी नहले पर दहला लगा दिया । माननीय मुख्य न्यायाधीश और राजकमल झा जी के वक्तव्यों मे देश क़ आशा की किरण दिखी । सरकार प्रजातंत्र की जडे हिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड रही है ।

पूरी भाजपा और मोदीजी यह अच्छी तरह जानते हैं कि जबतक हम चाहे न्यायपालिका को कमजोर कर दें संसद को मुट्ठी में कर लें बिरोध करने वाले नेताओं को सलाखों में बन्द कर दें फिर भी हम तब तक भारतीय संविधान को नष्ट नहीं कर सकते हैं , संवैधानिक संस्थाओं को पूरी तरह बर्बाद नहीं कर सकते हैं और प्रजातंत्र का गला नहीं घोंट सकते हैं जबतक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देनेवाले परिवार (गांधी-नेहरू) और स्वतंत्रता संग्राम से लैकर आज तक भारत की राजनीति हिमालय की तरह खडी रहनेवाली पार्टी #कांग्रेस# को नष्ट नाबूद नही कर देगें । भारत की सत्ता पर काबिज होने के पूर्व से ही मोदीजी का निशाना गांधी नेहरू परिवार ही रहा जिसके विरुद्ध नफरत की आग भडकाने के लिए उन्होंने अपने सैकडों संगठनों के लाख़ों लाख कार्यकर्ताओं को दिन रात इसी मिशन में लगा दिया , अभद्र भाषाएं बोली जाने लगी उसके सांसदों विधायकों को भारी भरक प्रलोभन देकर धन दौलत देकर खरीदा जाने लगा और ऐसा एक भी काम नहीं छोडा गया जो प्रजातंत्र की मर्यादाओं को कलंकित नहीं करता हो । सम्पूर्ण देश में जब नफरत का माहौल पैदा कर दिया गया तो कांग्रेस का लाल राहुल अपने सैकडों जांबाज साथियों के साथ नफरत के बाजार में मुहब्बत की दूकान खोलने कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल पडा और मुहब्बत बांटने लगा । कांग्रेस के इस लाल की रगों मे जबाहरलाल का खून दौडने लगा और वही जोस और जज्बा को लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर की ओर पैदल ही दौड पडे जिसे देख बौखला गयी भाजपा घबरा गयी भाजपा और चुन चुन कर विपक्षी नेताओं निशाना बनाया जाने लगा डराया जाने तो कांग्रेसी लाल ने कहा नारा दिया...डरो मत...डरो मत..। डर पैदा करते करते डर गयी भाजपा...इर गये मोदीजी और चला दिए ब्रम्हास्त्र न्यायपालिका वाली जिसे वे संजो कर रखे थे पर वे भूल गये कि ये तो गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलनेवाले हैं और जिनकी रगों में नेहरु इंदिरा और राजीव जैसे पुरखों का खून दौड रहा है ,उसके लिए यह ब्रह्मास्त्र तो निष्फल सावित होगा और हो रहा है । कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मार्ग पर बिछाये कांटों को वे रौंदते चले जा रहे हैं और मोदीजी टकटकी लगाए निहार रहे हैं आप जितनी चालें चलों ,जितनी पीडा दोगे वह उतना ही मजबूत होगा ।


पूरे देश की भाजपा विरोधी सोच को , भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों को राहुल गांधी में वह जज्बा दिखने लगा है जो मोदीजी की आंख मे आंख डाल कर दृढता से सबाल कर सकता है और अब उन्हें भी भारतीय प्रजातंत्र की रक्षा के लिए ,संविधान की रक्षा के लिए और संवैधानिक संस्थाओं तथा प्रजातंत्र के चारो स्तम्भों की रक्षा के कांग्रेस नेता राहुल गांधी से हाथ मिलाने में कोई गुरेज नहीं दिखता है । मोदीजी को जैसी ही विपक्षी दलों की उक मुद्दे पर एकजुटता दिखी तो झट से उन्होंने इसे सारे भ्रष्टाचारियों का एक मंच पर आना बता दिया । भ्रष्टाचारियों की गंगोतरी कही जानेवाली भाजपा का नेता जब राहुल गांधी के हाथ से हाथ जोडने वाले नेताओं को सारे भ्रष्टाचारी एक मंच आने की बात से उनके मन का डर ही तो है । तुम नफरत फैलाओ मै मुहब्बत का पैगाम दूंगा , तुम भय और फैलाओ मे डरो मत का नारा दूंगा , तुम असत्य के दैत्य से डराओ मै सत्य के मार्ग पर अडिग मिलूंगा ।

अन्त में इतना ही कहा जा सकता है कि राहुल गांधी पर चला गया मोदीजी का हर दांव खाली पडते चला जा रहा है उनके तरकश का हर तीन व्यर्थ सावित हो रहा है और अब वे डरे डरे थके हारे दिख रहे हैं ।




जिला काँग्रेस कार्यालय ललित भवन मधुबनी में अपने जिला प्रभारी आदरणीय श्री प्रवीण सिंह कुशवाहा जी के साथ जय भारत सत्याग्रह जो सभी प्रखंड में कल से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शुभारंभ होने वाला है उसको लेकर आदरणीय जिला अध्यक्ष बड़े भाई प्रो0 शितलंवर झाजी एवम अन्य साथी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए।।।

।।जय काँग्रेस।।।।राहुल गाँधी मत घबराना तेरे पीछे सारा जमाना।।।। ।।ज्योती झा।।। ।प्रदेश प्रतिनिधि बिहार काँग्रेस।।।।



गया जिला के बाराचट्टी प्रखंड में महागठबंधन के प्रत्याशी श्री पुनित कुमार स्नातक क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु डाक्टर संजीव शयाम सिंह जी को वोट देकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी एवं अन्य स्नातक व्यक्ति।

# देश लूटकर भागने वाले आर्थिक भगोड़े भी विपक्ष को धमकी दे रहे हैं

पटना।कांग्रेस दर्पण

देश लूटकर भागने वाले आर्थिक भगोड़े भी विपक्ष को धमकी दे रहे हैं ! लुटेरा ललित मोदी कह रहा है कि वह राहुल गांधी पर मुकदमा करेगा !

किसके दम पर ?

इनके पीछे कौन है ?

इन्हें इतनी हिम्मत कहां से मिल रही है ?

आप क्रोनोलॉजी समझिए -

ललित मोदी की वकील रहीं बांसुरी स्वराज को हाल ही में भाजपा में शामिल किया गया है। इधर बांसुरी की भाजपा में लॉन्चिंग हुई, उधर ललित मोदी ने लंदन की कोर्ट में राहुल गांधी को केस करने की धमकी दी !

बांसुरी स्वराज भाजपा नेता सुषमा स्वराज और उनके पति भाजपा के गवर्नर स्वराज कौशल की बेटी हैं !

जून 2015 में जब सुषमा स्वराज विदेश मंत्री थीं, सुषमा के पति स्वराज कौशल स्वराज ने स्वीकार किया था कि वे 22 साल तक ललित मोदी के वकील रहे हैं !

जून 2015 में ही सामने आया था कि सुषमा स्वराज ने ₹मानवता के आधार पर₹ ललित मोदी की भागने में मदद की थी ! उन्होंने ललित मोदी को ट्रैवल



प्रभांशु कुमार 'बिट्टू'
महासचिव बिहार कांग्रेस सेवादल

वीजा दिलाने के लिए बाकायदा ब्रिटिश उच्चायोग से बात की थी ! इस आरोप के सामने आने के बाद उन्होंने मोदी से मुलाकात कर सफाई दी थी और उनके घर की सुरक्षा बढा.दी गई थी !

उसी समय यह भी सामने आया था कि देश लूट कर भागने वाले ललित मोदी बांसुरी स्वराज के भी मुवक्किल हैं। वकील बांसुरी स्वराज ने ललित मोदी को कानूनी मदद पहुंचाई थी !

राजस्थान में भाजपा की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से भी ललित मोदी के बेहद करीबी रिश्ते थे ! वसुंधरा राजे जब पहली बार मुख्यमंत्री बनीं तो ललित मोदी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अध्यक्ष चुने गए !

वसुंधरा और मोदी की पारिवारिक दोस्ती थी। वसुंधरा राजे की माँ विजया राजे सिंधिया और ललित मोदी के पिता कृष्ण कुमार मोदी दोस्त थे ! वसुंधरा के काल में ही ललित मोदी ने अपना बिजनेस खूब बढ़ाया उस वक्त मीडिया में खबरें छपी थीं कि ललित मोदी का वसुंधरा प्रशासन इतना दखल था कि वे अहम निर्णयों में अधिकारियों को निर्देश दिया करते थे !

वसुंधरा राजे पर आरोप लगा था कि उन्होंने ललित मोदी को ब्रिटेन में आव्रजन (immigration) अपील में सहयोग किया था !

ललित मोदी पर देश लूटकर भागने का आरोप है। पिछले नौ साल में उनपर जरा सी आंच तक नहीं आई, अब वे अपनी चोरी पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी पर मुकदमा करने की धमकी दे रहे हैं !

यह सब किसके इशारे पर हो रहा है ?

अगर देश के आर्थिक अपराधियों को इतना सम्मान मिलना है तो कानून बना दो कि आज से हर घर में सारे भगोड़ों की मूर्तियां लगेंगी और इनकी पूजा की जाएगी। जो ऐसा नहीं करेगा, उसे फांसी दी जाएगी !

## सूचना.....

प्रिय साथियों !

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र को मिटाने के लिए सारी सीमाएं पार कर दी है । इसका ताजा उदाहरण है की किस प्रकार से तानाशाही रूप से राहुल गांधी जी को निशाना बनाके उनकी संसद सदस्यता रद्द की गई !

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावारू जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बीवी जी एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश सिन्हा सनी जी के निर्देशानुसार आज अथवा कल प्रत्येक जिले के मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालने का निर्देश दिया गया है ! आप सभी साथियों से अनुरोध है कि अपने अपने जिले में कार्यक्रम का आयोजन करें एवं फोटो, वीडियो तथा न्यूज़ अग्रेषित करें !

सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में कार्यक्रम सुनिश्चित करें !

साभार
शिव प्रकाश गरीबदास
अध्यक्ष
बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस

# अडानी पर कार्रवाई कब की जाएगी....

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज कांग्रेस भवन बेगूसराय में आज जिलाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह के अध्यक्षता में मिडिया बंधुओं के समक्ष एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी की लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ और अडाणी समूह से जुड़े मामले को गंभीरता से रखा गया। इस प्रेस वार्ता में बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर जेल भेजने की कोशिश कर रही है और अब तो राहुल गांधी का बंगला खाली करने का भी आदेश दे दिया गया है. श्री अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार राहुल गांधी को सड़क पर लाने की तैयारी में लगी है. लोकतंत्र में राहुल गांधी ने सिर्फ सवाल किया, तो उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई है. इसके बाद उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि देश के बैंकों के अरबों रुपये डूब रहे हैं, इसको लेकर अडानी पर कार्रवाई कब की जाएगी.

इसकी जांच कब होगी. देश का करोड़ों रुपया, जो देश के गरीब मजदूरों को मिलना चाहिए था और बेरोजगारों के लिए फैक्ट्री खुलनी चाहिए थी और किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय सीधे सारे पैसे देश के कॉरपोरेटों के जेब में जा




रही है.साथ ही उन्होंने कहा कि पहले तो ये मसला समझना होगा. ये बयान 2019 में कोणार्क में दिया गया था, मुकदमा लिखा जा रहा है सूरत में. इसके पीछे की कहानी क्या है. पीछे की कहानी ये है कि बीजेपी बहुत परेशान है. आदरणीय राहुल गांधी जी संसद से सड़क तक पर जहां मौका मिलता है जो बीजेपी की गलत नीतियां है उसको उठाते हैं और विपक्ष का यही काम है कि सरकार की जो गलत नीतियां है उसका विरोध करें. लोकतंत्र और संविधान भी यही कहता है.राहुल गांधी देश में बेरोजगारी, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सदन में आवाज उठा रहे थे, जिससे इनके पेट में दर्द हो गया और उनका माइक म्यूट करने लगे. जब उन्होंने देखा कि पार्लियामेंट में बात नहीं रखने दे रहे हैं तो उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा निकाल दी. भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोग उनके साथ आए. कानूनविद कहते हैं कि ये मामला नहीं बनता है, लेकिन कोणार्क का मामला सूरत में लिखा जाता है. वो भी बीजेपी के पूर्व मिनिस्टर द्वारा केस दर्ज कराया जाता है. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य श्री नारायण सिंह, शशिशेखर राय, संजय सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र पासवान, मिथलेश झा, जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार, प्रखंड अध्यक्षों में विजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, धर्मराज सहनी,उदय सिंह,रेणू देवी, नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, महासचिव सावर कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकांत राय, कमल किशोर पोद्दार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आलोक आनंद,आइटी सेल अध्यक्ष कुशमेश शांडिल्य,सेवादल प्रभांशु कुमार बिट्टू, राहुल कुमार ठाकुर, राघव कुमार, आलोक कुमार गोलू आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस घोटालेबाजों का पर्दाफाश करने के लिए लड़ेगी

नई टिहरी । कांग्रेस दर्पण



अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवम् बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशन में राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओ ने जिला के प्रमुख नेताओ के साथ संवाददाता सम्मेलन कर, पार्टी के लगातार डेढ़ माह तक चलने वाले चरणबद्ध आंदोलन की जानकारी दी।

गया में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री बिहार सरकार अवधेश कुमार सिंह जी के नेतृत्व में आयोजित संवादता सम्मेलन में गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष युगल किशोर सिंह, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा, कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामसेवक प्रसाद कुशवाहा, कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष मो अयूब खान उर्फ कमर खान, कांग्रेस अनुसूचित जाति जनजाति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार निराला, दामोदर गोस्वामी, रंजीत कुमार सिंह, बबलू शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, प्रदीप शर्मा, मो खैरुद्दीन, श्रवण पासवान, शैलेश चौधरी, सुनील कुमार राम, राजीव कुमार उर्फ लब्बी सिंह, धीरज कुमार वर्मा, अर्जुन प्रसाद, आदि शामिल थे।

संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अवधेश कुमार सिंह ने कहा राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आयोजित 4000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा, भारत जोड़ो यात्रा, की व्यापक सफलता एवम् अडानी प्रकरण महाघोटाला की जेपीसी जांच से डरी, घबराई मोदी सरकार आनन फानन में नित्य दिन मनमानी करते हुए, संसदीय इतिहास में संसद की कार्यवाही सत्ता पक्ष द्वारा बाधित करने, राहुल गांधी जी को संसद में बोलने से रोकने, वर्षो पुराने मनमानी मुकदमा में नाटकीय ढंग से दो वर्ष की सजा, तथा बिजली की चाल से सदस्यता समाप्त करने हुए लोकतंत्र की हत्या करने को मोदी सरकार उतारू है।

श्री सिंह ने कहा की राहुल गांधी जी की दादी एवम् उनके पिता की खून ने भारतीय लोकतंत्र को सींचा है, लेकिन उस शहीदी परिवार के राहुल गांधी जी को देशद्रोही कहा जा रहा, लेकिन शायद सत्ता पक्ष के लोग ये भूल गए है की कांग्रेस देश की आजादी में अपनी लहू बहाने वाली कांग्रेस पार्टी आज भी घोटालेबाजों का पर्दाफाश करने में न डरेगी, ना ही पीछे हटेगी।

श्री सिंह ने कहा की आज के मीडिया में यह सुर्खी बनी हैं की श्री राहुल गांधी जी को अब पटना के कोर्ट में फिर ₹ सारे मोदी ₹ वाली बात पर तारीख मुकर्रर की गई है जिस मुकदमा को भाजपा नेता सुशील मोदी ने किया है, परंतु मैं लोकतंत्र के चारो स्तंभ न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका, पत्रकारिता जगत से पूछना चाहता हु की एक ही तरह के मुकदमा में आखिर कई बार सजा होगी ?

संवाददाता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव ने महीनो चलने वाले आंदोलनातमक कार्यक्रमों में जिला, प्रखंड के नेता, कार्यकर्ता युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, कांग्रेस सेवादल, इंटक, महिला कांग्रेस, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, पिछड़ा प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, व्यवसायिक प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ, शिक्षक प्रकोष्ठ, अधिवक्ता प्रकोष्ठ एकजुट शामिल होकर सफल बनाएं।

सभी नेताओ ने अंत में कहा की श्री राहुल गांधी जी को सूरत कोर्ट से मानहानि की मैक्सिमम सजा ऐन केन प्रकार होने, आनन,फानन में उनकी सदस्यता समाप्त होने, तथा एक ही प्रकार के केश में सजा होने के बाद भी दूसरे राज्य में फिर उसी प्रकार का मुकदमा चलाने पर माननीय उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान लेने की कृपा करे।

भवदीय

चंद्रिका प्रा यादव विजय कु मिठू

( अध्यक्ष )। ( प्रवक्ता )

# चोर, लुटेरे और घोटालेबाजों को बचाने के लिए मोदी सरकार राहुल गांधी को निशाना बना रही है




दरभंगा । कांग्रेस दर्पण

दरभंगाः31, मार्च। देश की संपदा लूटने वाले गोतम अडानी एवं बैंकों मे जमा जनता के लाखो करोड़ रुपए लूट कर विदेश भागने वाले नीरव मोदी, ललित मोदी, जैसे भगोड़े को केंद्र की मोदी सरकार सरंक्षण दे रही है। ये बातें प्रदेश कांग्रेस नेता सह ज़िला कांग्रेस प्रभारी नागेंद्र कुमार बिक्कल ने शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित प्रेस वार्ता मे कही। उन्होंने कहा कि चोर, लुटेरे और घोटालेबाजों को बचाने के लिए मोदी सरकार राहुल गांधी को निशाना बना रही है। प्रेस वार्ता मे ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम चौधरी, प्रदेश प्रतिनिधी श्रीमती प्रतिभा सिंह, ज़िला प्रवक्ता मो. असलम एवं मनोज झा सहित दर्जनों नेता उपस्थित थे। श्री बिक्कल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता को 'अलोकतांत्रिक' करार देते हुए कहा कि संसद में अपने भाषण में अदानी घोटाले पर सवाल पूछने के लिए राहुल गांधी को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अपने भाषण के दौरान, राहुल गांधी ने कहा था कि अडानी से जुड़ी शेल कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये किसके है? वें अडानी के साथ मोदी के संबंधों को भी उजागर कर रहे थे। इसलिए इन सब सवालों से बौखला कर मोदी सरकार ने सुनियोजित तरीके से उनकी संसद सदस्यता को रद्द करवाया है। और अब उन्हे नीचा दिखाने के लिए सरकारी आवास से बाहर करने और जेल भेजने की तैयारी हो रही है। श्री बिक्कल ने कहा कि अगर राहुल गांधी जी गलत सवाल खड़े कर रहे हैं, तो फिर प्रधानमंत्री जी को जेपीसी से जांच कराने मे डर क्यों लग रहा है। उन्होंने कहा कि जबतक अदानी घोटाले पर संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच नही होती है, तबतक कांग्रेस पार्टी सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ 'जय भारत सत्याग्रह' करती रहेगी।

भवदीयः

मो. असलम, ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी दरभंगा

# बिहार प्रदेश का प्रथम स्थापना दिवस समारोह



पटना । कांग्रेस दर्पण

आईएमए हॉल पटना के सभागार में शुक्रवार को प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ , बिहार प्रदेश का प्रथम स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने किया । संचालन प्रदेश महासचिव आनंद कुमार मिश्रा ने किया । कार्यक्रम मुख्य अथिति विधायक मुकेश कुमार यादव , संजय कुमार गुप्ता ,प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ , एवं प्रदेश कमिटी द्वारा संघ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया । इस अवसर पर विधायक मुकेश कुमार यादव व संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों केसमस्याओं के निदान के लिए महागठबंधन की सरकार पूर्व से वचनबद्ध है । वैसे शिक्षकों के समस्याओं पर कल्याण संघ द्वारा किए गए प्रयासों व पहल पर पूर्व से भी हमलोग गम्भीरता पूर्वक साथ देते आए है और आगे भी साथ देने का आश्वासन दिया । कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर ने शिक्षकों के हित में संघ द्वारा किये जा रहे संघर्ष की सराहना करते हुए अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने का वचन दिया ।

प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन व महासचिव आनंद कुमार मिश्रा ने संघ के आगामी योजना की जानकारी दी । वही सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड कमिटी के सभी सदस्यों को सर्वाधिक 466 सदस्य बनाने के लिए सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शंकर राय , कोषाध्यक्ष राज कुमार सिंह , सचिव राजेश्वर कुमार यादव , तिरहुत प्रमंडल प्रभारी एजाज अहमद , जय मंगल सिंह , शैलेन्द्र कुमार , सतीश तिवारी ,अजय कुमार सिंह , सतेंद्र कुमार , प्रवीण रंजन , सावित्री सिंह सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि ने सम्बोधित किया ।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश राणा के जिला मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस जनों ने किया जोरदार स्वागत

पटना । कांग्रेस दर्पण




जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश राणा का जिला मुख्यालय नई टिहरी पहुंचने पर कांग्रेस जनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा पार्टी हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताकर अपने एक मजबूत कार्यकर्ता का मान सम्मान किया है उन्होंने कहा आज संघर्ष का दौर है और हम सब कांग्रेस जनों को एक होकर फिरका प्रस्त ताकतों के खिलाफ लड़ना होगा उन्होंने कहा आज देश प्रदेश में अघोषित आपातकाल चल रहा है देश उद्योगपतियों के हाथ में है प्रदेश में बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं लेकिन सरकार के लोगों के द्वारा सरकार की नाक के नीचे परीक्षा में भ्रष्टाचार खूब फल फूल रहा है प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रताप नगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि आज लोकतंत्र उद्योगपति के घर में गिरवी हो गया है केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर विपक्ष को खत्म करना चाहते हैं उन्होंने कहा अब वक्त आ गया है हर कांग्रेस जन को और समाज के विभिन्न संगठनों को जो समाज के प्रति हमेशा चिंतन और मनन करते हैं हम सब को सड़क पर आना होगा और केंद्र की जनविरोधी सरकार के खिलाफ एक होना पड़ेगा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट महामंत्री विजय गुनसोला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने एक जिम्मेदार नौजवान को पुनः जिम्मेदारी दी जो कांग्रेस के लिए दिन रात एक कर संगठन को मजबूत करते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए उन्हें बोला प्रदेश सरकार गूंगी बहरी हो गई है उन्हें विकास से कोई वास्ता नहीं है सिर्फ भ्रष्टाचार खूब फल फूल रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज राणा और नरेंद्र चंद रमोला ने कहा कि आज भाजपा ने समाज को बांटने का काम किया है जाति धर्म के नाम पर फिर वोट हासिल कर रहे हैं और समाज में राग द्वेष फैला रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रताप नगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट विजय गुनसोला नरेंद्र चंद रमोला सूरज राणा मुरारीलाल खंडवाल सोबन सिंह नेगी सैयद मुशर्रफ अली ज्योति प्रसाद भट्ट सोहन सिंह रावत मान सिंह रौतेला साहब सिंह सजवान विक्रम सिंह पवार कुलदीप सिंह पवार देवेंद्र नौटियाल, देवेंद्र राणा, विनोद रावत, शक्ति प्रसाद जोशी बलबीर कोहली लखबीर सिंह चौहान खुशी लाल किशोर सिंह मन्दरवाल रोशन नौटियाल, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप कुमार, आदित्य संकर खत्री, मुर्तजा बेग, विजयपाल रावत, दर्शनी रावत आशा रावत मीना पंडित रीता रावत नीमा नेगी बृहस्पति भट्ट ममता उनियाल अनीता रावत हिमांशु रावत प्रदीप रागढ़ विनोद रावत संतोष आर्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

# शामली जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राहुल गांधी के समर्थन में बैठक कर विरोध जताया

## भाजपा बताए अडानी से उनका रिस्ता क्या –डॉक्टर यूसुफ कुरेशी

पटना । कांग्रेस दर्पण



आज शामली कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर मिटिंग को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश पुर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर युशुफ कुरेशी ने बताया कि जनवरी में एक घटना हिंडनस्बर्ग की हुई थी जिसमें एक पेपर लीक हुआ था जिसकी वजह से देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति का शेयर तेजी से गिरा उन्होंने कहा कि अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये इन सवालों के जवाब न तो भारतीय जनता पार्टी के नेता दे रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ बोल रहे हैं।उल्टे सत्ता पक्ष के खेमे से यह कहा जा रहा है कि अडानी पर हमला देश पर हमला है।भाजपा की परिपाटी बन गई है कि जब जब कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी के द्वारा इस विषय में पूछने का प्रयास किया तब तब भाजपा सरकार के द्वारा मुद्दे को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश करते हुए देश को गुमराह करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा दुनिया के तानाशाहों हिटलर, सद्दाम हुसैन, किंग जोंग, मसूलीनी आदि के पगचिन्हों पर चलते हुए विपक्ष और लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है।संसद मे विपक्षी सांसदों को बोलने नहीं दिया जा रहा है।उनके खिलाफ झूठे आडम्बर रचाकर अयोग्य घोषित करने, दबाने, ईडी एवं पुलिस का भय दिखाकर डराने का काम किया जा रहा है। देश के लिए बडे दुर्भाग्य का मामला है कि जनता की अभिव्यक्ति को खत्म किया जा रहा है। भारत एक प्रजातांत्रिक देश है जिसकी आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने कुर्बानियां देने का काम किया है। जब भी अडानी के ऊपर सवाल उठाए जाते हैं तो सरकार को तकलीफ क्यों होती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस नेता आदरणीय राहुल गांधी जी ने प्रेष के माध्यम से सवाल पूछे थे और आज उन्हीं सवालों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मीडिया के माध्यम से हमारी प्रेष वार्ता भी है। उन्हीं सवालों का जवाब हमें लेना है। सरकार बताये कि वह 20 हजार करोड़ किसका है। यह शेल कम्पनियां किसकी थी? और जब इन कंपनियों के शेयर 60 प्रतिशत तक गिर गए थे तब किसके आदेश पर एसबीआई और एल आई सी का पैसा इन कंपनियों में लगाया जा रहा था।इन सवालों के जवाब हम सरकार से मीडिया के माध्यम से लेना चाहते हैं। यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने बताया कि सरकार आरोप लगाती है कि कांग्रेस राहुल गांधी जी को बचाने के लिए ये सब कर रही है किंतु इसमें राहुल गांधी जी को बचाने की कोई बात है ही नहीं, राहुल गांधी जी को बचाने की जरूरत है ही नहीं, वर्तमान में राहुल गांधी जी देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों एवं महिला शक्ति की आवाज बन चुके हैं।उन्होंने लगातार पांच महीने की भारत जोडो यात्रा के दौरान नफरत और धर्मवाद, महंगाई, बेरोजगारी को लेकर समाज में जो खाई थी उसे पाटने का काम किया है। बात राहुल गांधी जी की नहीं देंश की अखंडता और अर्थव्यवस्था की है।भाजपा क्यों नहीं बताती की प्रधानमंत्री जी के साथ अडानी का क्या सम्बंध है।शेल कंपनियों में लगे पैसे की जांच आज तक क्यों नहीं हो पाई है।इसी बात को लेकर राहुल गांधी जी की आवाज पूरे देश की आवाज बन चुकी है। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी जो कि पिछडी जाति से नही आते, सरनेम लिखने से किसी की जाति का पता नहीं चलता है फिर भी भाजपा मुद्दे को लेकर भटकाने का काम कर रही है। पिछडों को लेकर भाजपा की सोच जगजाहिर है, भाजपा ने आज तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई? वर्तमान सरकार देश की जनता को गुमराह करने एवं अडानी के मद्दे को भटकाने का काम कर रही है। किंतु सवालों का जवाब तो देना होगा।

बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रेष वार्ता प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर यूसुफ कुरेशी, जिला अध्यक्ष दीपक सैनी,यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा (सींगरा),प्रोफेसर निर्भय सिंह प्रदेश महासचिव शिक्षक प्रकोष्ठ,वतन सिंह प्रदेश संगठन मंत्री,युवा विधानसभा अध्यक्ष शुभम अत्रि, पीसीसी जबरपाल सिहं, शेखर पाल प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग,यशस्वी शर्मा, जिला सचिव अरविंद झंझोट, शामली ब्लॉक अध्यक्ष गय्यूर कुडाना,धीरज उपाध्याय,संदीप शर्मा जिला सचिव महावीर सैनी, राधेश्याम सैनी, आदि मोजूद रहे।

# मुंगेर जिला कांग्रेस सेवादल के तमाम नेतागण एवं कार्यकर्ता गण मिलकर श्री राहुल गांधी जी के समर्थन में कैंडल मार्च निकालकर

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

भाजपा सरकार कि लोकतंत्र विरोधी एवं तानाशाही रवैया के विरुद्ध मुंगेर जिला कांग्रेस सेवादल के तमाम नेतागण एवं कार्यकर्ता गण मिलकर श्री राहुल गांधी जी के समर्थन में कैंडल मार्च निकालकर लौह नगरी जमालपुर में जमालपुर शहर का भ्रमण किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं हम सभी के लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी जी की संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने एवं वर्तमान सरकार द्वारा लोकतंत्र के हनन का जो कुत्सित प्रयास किया गया है। कैंडल मार्च कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार मंडल, एवं नगर अध्यक्ष श्री चंदन कुमार मंडल, के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाओं यात्रा निकाला गया। जिसमें श्री ब्रह्मदेव चौरसिया, प्रोफेसर देवराज सुमन, राम कुमार आजाद, डॉ अनुल, सिद्धेश्वर विश्वकर्मा, अरुण कुमार मंडल, प्रवीण कुमार, राजन प्रसाद यादव, सुधीर घोष, राहुल कुमार पासवान, संजीत पासवान, दीपक राम, महेंद्र प्रसाद शर्मा, उमेश प्रसाद ताँती, राहुल कुमार पासवान, सनी कुमार, जयप्रकाश राम, दीपक कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।




# भारी बारिश और ओलो के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सुनने को डटी रही जनता

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की भारी बारिश और ओलो के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कार्यकर्ता सम्मेलन में आई जनता को संबोधित किया। और राज्य सरकार की योजनाओं को बताया साथ ही केंद्र की मोदी सरकार पर साधा निशाना और मोदी जी द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता बर्खास्त की गई क्योंकि मोदी जी सच्चाई से डरते हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा पूर्व चिकित्सा मंत्री एवं गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा आईटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ अजमेर प्रभारी महेंद्रजीत सिंह मालवीय,पूर्व वित्त मंत्री हरी मोहन शर्मा,विधायक धीरज गुर्जर, राकेश पारीक, सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी,पूर्व विधायक डॉ श्री गोपाल बाहेती,पूर्व शिक्षा मंत्री नसीम अख्तर,पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, राजकुमार जयपाल,महेंद्र गुर्जर,रामनारायण गुर्जर,उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता,दक्षिण प्रत्याशी हेमंत भाटी,निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन,देहात अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़,ने कार्यकर्ताओ और आमजन को संबोधित किया।सुराणा ने कहा की इस कार्यकर्ता सम्मेलन में करीब 15 से 20 हजार लोग पहुंचे। जवाहर स्कूल का ग्राउंड पूरा भर गया बाहर की सड़को पर भी हजारों लोग नजर



आए। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पार्षद द्रोपदी कोली,सेवा दल देहात अध्यक्ष जय शंकर चौधरी, सेवादल के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एडवोकेट देशराज मेहरा,पूर्व सेवादल अध्यक्ष विजय नागौरा,शैलेंद्र अग्रवाल,कैलाश झालीवाल, एडवोकेट समीर शर्मा,एडवोकेट वैभव जैन, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर अनुपम शर्मा,प्रदेश सचिव मनीष सेन,शहर जिलाअध्यक्ष पीयूष सुराणा,देहात अध्यक्ष प्रेम सिंह गौड़,निशक्तजन प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी महेंद्र कुमार जोशी,पार्षद नितिन जैन,कपिल सारस्वत,हितेश्वरी देवी,बीना टाक,लक्ष्मी बुंदेल,रश्मी हिंगोरानी,हेमंत जोधा,नौरत गुर्जर,सर्वेश्वर पारीक,कैलाश कोमल,निर्मल बेरवाल,सेवादल के मुकेश सबलानिया,मनीषा मीणा,गोपाल नायक, हीरानाथ योगी, मोतीनाथ योगी,मोनू,रेखा तमोली,मीनाक्षी मीणा,पिंकी बलोटिया,सोनल मौर्य,नीता केन,आरीफ खान,चंद्रप्रकाश चौरसिया, सुनील केन,चंद्रशेखर बलोठिया,बीरम रावत, जितेंद्र कुमार चौधरी,कमल कृपलानी, नरेश सोलीवाल,अशोक सुकरिया, चेतन पंवार,इकबाल खान,रियाज खान मंसूरी,गौरव झालीवाल,चितलेश बंसल, समशुदीन,लता डाबरा,पूर्णिमा बुंदेल, धीरज, हरी प्रसाद जाटव,सरोज गहलोत, श्रवन चौधरी,सलीम,सोना धनवानी, एवम हजारों कार्यकर्ता एवम आमजन कार्यकर्ता सम्मेलन में रहे मौजूद।